तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 27 अगस्त 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



14 आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल में मनाया...





14 शिक्षा मंत्री का घोड़ारी व पटेवा में हुआ...




## खबर संक्षेप

### ट्रेलर से टकराने से पिकअप में बैठे युवक की मौत

**महासमुंद**। ग्राम घोड़ारी में एक खड़ी ट्रेलर से पिकअप टकरा गया। घटना में पिकअप में बैठे एक युवक की मौत हो गई। कोतवाली पुलिस को प्रार्थी रामप्रसाद निषाद निवासी ग्राम निसदा थाना आरंग ने बताया कि 22 को उसका लड़का तोरण निषाद मजदूरी करने घोडारी गया था। रात को उसे सूचना मिली कि तोरण का एक्सीडेंट हो गया है और जिला अस्पताल महासमुंद में भर्ती किया गया है। जिला अस्पताल पहुंचने पर तोरण ने उसे बताया कि पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 04 एनसी 5109 में ग्राम घोडारी से मजदूरी का काम करके वाहन को बरबसपुर छोडने जा रहा था। ओवरब्रिज के आगे ग्राम घोडारी पहुंचा था कि पंकज चाय के सामने खड़े ट्रक ट्रेलर क्र. जीजे 12 बीजेड 0060 से पिकअप टकरा गया जिससे वाहन में बैठे चालक एवं उसे गंभीर चोंट लगना बताया। प्रार्थी ने बताया कि मेरे लड़के को जिला अस्पताल महासमुंद से रेफर करने पर 23 अगस्त वह मेकाहारा रायपुर आगे ईलाज हेतु लेकर गए, मेकाहारा के डॉक्टर द्वारा चेक करने के बाद तोरण की मृत्यु हो जाना बताया। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1), 285 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### युवक मारपीट, तीन के खिलाफ मामला दर्ज

**महासमुंद**। श्री श्याम धरमकांटा के पास बिरकोनी में एक युवक के साथ मारपीट करने के मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ महासमुंद कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि कुबेर निर्मलकर के साथ श्रीश्याम धर्मकाटा के पास पुरानी रंजिश को लेकर गांव के दीपक सेन, हेमंत चंद्राकर, बंटी चंद्राकर ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुये मारपीट किया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# गणेश पक्ष का "श्री गणेश" आज से, घरों एवं पंडालों में विराजेंगे गजानन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अंचल मे आज से गणेश पक्ष की शुरुआत होने जा रही है और यह अगले 10 दिन तक जारी रहेगी। इसका श्री गणेश आज से होने के साथ ही इसके लिए बाजार गुलजार है और हर किसी में उत्साह बना नजर आ रहा है।

इस बार गणेश चतुर्थी का विशेष महत्व माना जा रहा है, क्योंकि इस दौरान ग्रहों और नक्षत्रों का दुर्लभ संयोग बन रहा है। गणपति आज घरों से लेकर पंडालों में विराजमान होंगे। आज सुबह से ही शहर के बरोंडा चौक में स्थित गणेश मन्दिर में गणपति के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ देखने को मिलेगी। गणपति के जयकारों के बीच लोग भगवान गणेश की पूजा-अर्चना में लीन नजर आएंगें। जगह-जगह गणेश प्रतिमा का विशेष श्रृंगार कर ढोल-ताशे की गूंज व विभिन्न अनुष्ठानों के साथ गणपति बाप्पा मोरया-मंगलमूर्ति मोरया जैसे जयकारों के बीच विघ्नहर्ता गणेश की मुर्तियों को लोंग पंडालों में व अपनें घरों में विराजित करेंगें।

नगर स्थित गंज पारा, बाजार वार्ड, लोहिया चौक एवं अन्य चौको पर गणेश भक्तों द्वारा भगवान गणेश के आगमन की तैयारियां पिछले कई दिनों से की जा रही हैं। वही लोग मंगलवार से ही गणेश की मुर्तियों की खरीददारी करना शुरू कर दिये हैं जिससे हाईस्कूल मैदान में लोग की भीड़ देखने को मिली है। नगर के दुकानें भगवान गणेश की सजावट और पूजा की वस्तुओं से सजी हुई है। हाई स्कूल मैदान में विभिन्न आकार-प्रकार की सुंदर एवं भव्य मूर्तियां उपलब्ध है। इस बार की गणेश चतुर्थी में प्रीति योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और रवि योग के साथ ही इंद्र-ब्रह्म योग का भी संयोग बन रहा है। इसके अलावा कर्क राशि में बुध और शुक्र की युति से लक्ष्मी-नारायण योग बन रहा है। इन योगों को बेहद शुभ माना जाता है और धार्मिक मान्यता है कि ऐसे समय में की गई पूजा और व्रत का फल कई गुना अधिक मिलता है। साथ ही इस बार यह पर्व बुधवार को पड़ रहा है, जो गणपति का प्रिय दिन है। इस कारण से इसकी महत्ता और भी बढ़ गई है।

## इस बार गणेश चतुर्थी का विशेष महत्व, नगर में अनेक जगह विराजेंगे विघ्नहर्ता

### इस गणेश चतुर्थी का पंचांग और विशेष मुहूर्त

पंचांग के अनुसार 27 अगस्त को सूर्योदय सुबह 5:57 पर होगा और सूर्यास्त शाम 6:48 पर होगा। चंद्रोदय सुबह 9:28 बजे रहेगा। ब्रह्म मुहूर्त का समय सुबह 4:28 से 5:12 बजे तक रहेगा, जबकि विजय मुहूर्त दोपहर 2:31 से 3:22 बजे तक रहेगा। गोधूलि मुहूर्त शाम 6:48 से 7:10 बजे तक शुभ रहेगा। निशीथ काल का मुहूर्त रात 12:00 से 12:45 तक होगा। इन मुहूर्तों में भगवान गणेश की आराधना करने से विशेष आशीर्वाद प्राप्त होता है और जीवन में सभी कार्य सफल होते हैं।



### उत्साह के साथ हुआ विघ्नहर्ता का आगमन

स्थानीय ईडब्लूएस कॉलोनी में गणपति बाप्पा मोरया, मंगलमूर्ति मोरया के जयकारों की गूंज के साथ विघ्नहर्ता का मंगलवार के दिन आगमन हुआ एवं गंज पारा में विराजित होने वाले गणेश की मूर्ति को दो दिन पहले से ही पंडाल में लाया जा चुका है। नगर एवं गांवों के विभिन्न मंडलों के सदस्य पारंपरिक पोशाक पहनकर गणपति की अनुष्ठानिक पूजा कर आज विराजित करेंगें।

## आंदोलन : कर्मचारी बोले-मांगों के पूरा होने तक जारी रहेगा आंदोलन

# उपस्वास्थ्य केंद्रों में ताले, रोजाना प्रभावित हो रही ढाई हजार मरीजों की ओपीडी

**महासमुंद**। जिले में एनएचएम कर्मियों की हड़ताल लगातार 9 वें दिन भी जारी रहा। जिसके चलते इन दिनों स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई हुई है। स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल की स्थिति में होने की वजह से चिकित्सकीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

अनिश्चितकालीन से लगभग 222 उप स्वास्थ्य केंद्रों पर ताला लटकने के स्थिति में है। वहीं, शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के कई उप स्वास्थ्य केंद्रों में ताले लटके हुए हैं। इससे करीब ढाई हजार मरीजों की ओपीडी रोजाना प्रभावित हो रही है, जो कि सरकारी मुख्य अस्पताल की ओपीडी से दोगुनी है। जबकि स्वास्थ्य विभाग के टीकाकरण, एंटी लार्वा अभियान, गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण जैसे तमाम महत्वपूर्ण कार्यक्रम थम गए हैं। जिले के इन 550 स्वास्थ्य कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने से स्वास्थ्य विभाग बड़ी परेशानी में फंसा हुआ है। हर उप स्वास्थ्य केंद्र पर 25 से 30 मरीजों की ओपीडी रहती है। वहीं मातृ शिशु अस्पताल के दो जरूरी विभाग एनआरसी व एसएनसीयू में तालाबंदी की स्थिति है। बताना होगा कि एनआरसी में अति कुपोषित बच्चों को रखकर सुपोषित करने के लिए निर्धारित समय में उपचार व पोषण आहार प्रदान किया जाता है। इस हड़ताल का असर शहरी क्षेत्र में स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र सहित ग्रामीण इलाकों में भी देखने को मिल रहा है। महासमुंद जिलाध्यक्ष राम गोपाल खूंटे ने कहा है कि जब तक कर्मचारियों की मांगें पूरी नहीं होंगी, आंदोलन जारी रहेगा।




### कार्यालय का काम बंद

जिला स्वास्थ्य एवं चिकित्सा कार्यालय में कार्यरत एनएचएम कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने के कारण कार्यालयीन कामकाज बंद है। कार्यालय के बंद रहने की वजह से योजनाओं से संबधित डाटा पोर्टल पर अपडेट नहीं हो रहा है। कार्यालय में कामकाज लेकर आने वालों को लौटना पड़ रहा है। 10 सूत्रीय मांग को पूरा कराने के लिए कमर कसकर सड़क पर उतरे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से स्वास्थ्य सेवाएं गड़बड़ाने लगी है। सबसे अधिक मातृ-शिशु अस्पताल की सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

### 40 फीसदी मरीज हुए कम

जिला अस्पताल में रोजाना ओपीडी मरीजों की संख्या में कमी आई है। आम तौर पर मौसम की वजह से बीमार पड़ने वाले सर्दी बुखार, दर्द व सामान्य मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। हड़ताल के पूर्व जिला अस्पताल के सुबह की ओपीडी में लगभग 650 और शाम की ओपीडी में लगभग 250 से 300 मरीज का उपचार होता था। हड़ताल की वजह से ओपीडी मरीज 40 फीसदी कम हो गए।

# गर्भवती महिला और उसके पति से मारपीट चार के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम भिलाईदादर में गर्भवती महिला और उसके पति के साथ मारपीट किए जाने के मामले में कोमाखान पुलिस ने 4 लोगों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

पुलिस ने बताया कि भिलाईदादर के भेखराम चक्रधारी ने एफआईआर दर्ज कराया कि 23 अगस्त की शाम 4:30 बजे नेहरू साहू पिता हेमलाल एवं टिकेश्वर साहू पिता मेघनाथ दोनों उसके घर के पास विवाद कर रहे थे। उसी समय गुलशन एवं निखिल पिता ईश्वर साहू भी नेहरू से गाली गलौज कर रहे थे। जब प्रार्थी ने घर के सामने गाली गलौज करने से मना किया तब आरोपी टिकेश्वर साहू, गज्जू साहू, गुलशन साहू, निखिल साहू द्वारा मारपीट करना शुरू कर दिया। इसी दौरान वहां उसकी गर्भवती पत्नी आई, जिसके पेट में गुलशन ने लात से मारा, वहीं आरोपी निखिल ने अपने हाथ से उसकी पत्नी के पेट को जोर से धक्का दिया। इस घटना के बाद प्रार्थी ने 24 अगस्त को महासमुंद में सिटी स्कैन कराया, जिसमें पेट में पल रहे बच्चे को धक्का लगना बताया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5)-बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## महुआ शराब जब्त, एक व्यक्ति पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

**महासमुंद**। सरायपाली पुलिस ने महुआ शराब की बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहे एक व्यक्ति पर कार्रवाई की है। पुलिस नेबताया कि ग्राम कुटेला से इच्छापुर जाने के मार्ग में एक व्यक्ति एक सफेद रंग की प्लास्टिक जरीकेन में हाथ भट्टी महुआ शराब बिक्री हेतु ग्राहकों की तलाश कर रहा है। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने देखा कि उक्त व्यक्ति प्लास्टिक की जेरीकेन रखा हुआ था। नाम पता पुछने पर उसने अपना नाम दिनेश सिंह पिता त्रिलोचन सिंह (48 साल) इच्छापुर थाना सरायपाली होना बताया। आरोपी के कब्जे से 4 लीटर हाथ भट्ठी महुआ कीमत 800 रुपए को जब्त कर धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# मौसम की मिजाज ने बढ़ाई किसानों की चिंता धान के फसल में तना छेदक होने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मौसम की मिजाज से इन दिनों जिले के किसानों की चिंता बढ़ी हुई है। मौसम में नमी के चलते धान की फसलों पर इन दिनों तनाछेदक नामक बीमारी लगने की आशंका है। इससे चिंतित किसान बीमारी लगने से बचाने के लिए दवा का छिड़काव कर रहे। धान की बाली का ग्रोथ डेढ़ से दो फीट होते ही तनाछेदक अपना कहर बरपाना शुरू कर देता है। वर्तमान मौसम कीड़ों के लिए अनुकूल साबित हो रहा है जिसने कृषकों की चिंता बढ़ा दी है।

बता दें कि जिले के 2 लाख 65 हजार हेक्टर जमीन पर किसान धान सहित अन्य फसलों की पैदावार लेते हैं। किसान खरीफ की फसल में प्रमुख रूप से धान की खेती कर रहे हैं। सावन के प्रथम पखवाड़े में पर्याप्त बारिश होने के बाद बोआई, रोपाई का काम पूरा कर चुके हैं और जैसे ही भादो में हो रही बारिश के बाद खेतों में धान की फसल लहलहाने लगी है, वैसे ही फसलों पर तनाछेदक नामक कीट का प्रकोप लगने की आशंका है। मौसम के मिजाज एवं फसलों पर इन दिनों तनाछेदक बीमारियों के होने के संभावना के चलते किसानों की परेशानी बढ़ गई है। जिसके चलते किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीर देखी जा रही है। इधर, ऐसे धान की फसल जो प्रमुख रूप से जो पौधे 40 दिन के हो गए हैं, उनमें तनाछेदक बीमारी से बचाव के लिए किसान अपने खेतों में दानेदार दवा का छिड़काव कर रहे हैं। जिला मुख्यालय के समीपस्त ग्राम पंचायत बम्हनी के सुरेश साहू ने बताया कि लगभग वह 13 से 14 एकड़ में धान की फसल लेते है। इस मौसम के बदले मिजाज से धान के फसलों में लगभग तीन से चार एकड़ के धान फसल में तनाछेदक बीमारी लग चुकी है एवं कई खेतों में लगने की आशंका है जिसके चलते परेशानी बनी हुई है। आने वाले दिनों में मौसम नहीं बदला तो माहो कीट का प्रकोप बढ़ने की आशंका है। किसान पुरुषोत्तम साहू ने बताया है कि वह लगभग 8 एकड़ में धान की फसल लगाते हैं।

# साढ़े चार लाख का गांजा जब्त, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

टेमरी नाका में कोमाखान पुलिस ने अवैध रूप से गांजा परिवहन कर रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से साढ़े चार लाख का गांजा जब्त किया गया है।

पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि एक कार में गांजा लेकर तीन लोग एक ग्रे कलर की मारुति कंपनी की डिजायर कार क्रमांक एमपी 16 जेडे 5735 के पीछे डिक्की में अवैध रूप से गांजा रखकर विक्रय के लिये ओडिशा राज्य की ओर से महासमुंद की ओर आ रहे हैं। सूचना के बाद टेमरी नाका पहुंच कर घेराबंदी की गई। कुछ देर बाद ओडिशा राज्य की ओर से महासमुंद की ओर एक कार आती दिखी, जिसे रोककर कार में बैठे ड्रायवर से संदेह के आधार पर पूछताछ किया गया, जो प्रारंभ में गोलमोल जवाब दे रहे थे। सख्ती से पूछताछ करने पर ड्रायवर सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम कल्लू उर्फ कुलदीप यादव पिता मान सिंह यादव (38 साल) निवासी फरीदा थाना गुरसाय जिला झांसी उप्र एवं ड्रायवर सीट के बगल में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम अभिषेक राय पिता स्व रामसाय (40 साल) निवासी कैमहा थाना हरपालपुर जिला छतरपुर मप्र एवं कार के पीछे सीट में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम पीयूष पिता स्व. अशोक कुमार (41 साल) निवासी नौगांव थाना नौगांव जिला छतरपुर मप्र का रहने वाले बताया तथा कार के पीछे डिक्की के अंदर 2 नग सफेद रंग की प्लास्टिक बोरियों के अंदर अवैध मादक पदार्थ गांजा रखना बताया।




गांजा के संबंध में आरोपी अभिषेक राय ने बताया कि एम रामपुर से कुछ दूर बालीगुडा के पास के एक व्यक्ति जिसे राधे के नाम से जानते हैं से गांजा खरीदने की बातचीत की गई थी, जिस पर राधे ने बताया मेरे पास 2 बोरी गांजा है। उसने नगद 100000 रुपए लेने के बाद कुछ देर बाद 02 नग सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में गांजा भरकर लाया जिसे लेकर वे तीनों एम रामपुर बालीगुडा से निकल कर कैमहा छतरपुर मध्यप्रदेश के लिये निकले। गांजा को ले जाकर वे तीनों छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर अपने आसपास के मोहल्ले में बेचते है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 30 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 450000 रुपए, कार 700000 रुपए, मोबाइल, नगद रुपए जब्त किया है। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# बिना बारिश व हवा चले बार-बार हो रही बिजली गुल, बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में बिजली की आंख मिचौली क्षेत्र के लोगो के लिए इन दिनों मुसीबत बनी हुई है। हल्की हवा व बारिश होते ही ग्रामीण क्षेत्र में घंटे तक बिजली गुल हो रही है। शहरी क्षेत्र में बिजली जल्दी आ जाती है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में कई घंटों तक बिजली गुल रहती है जिस वजह से लोगों की परेशानी बढ़ी हुई है। बरसात में सांप, बिच्छू ज्यादा निकलते हैं, बिजली गुल होने से ग्रामीण डरे सहमे रहते हैं।

बीते सोमवार को सरायपाली क्षेत्र में लगातार बिजली की कटौती से परेशान लोगों एवं किसानों ने देवलभाटा और खैरमाल के बिजली ऑफिस का घेराव किया था। किसानों एवं ग्रामीणों के इस घेराव का सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने भी समर्थन दिया था। सभी ने विद्युत सहायक अभियंता कार्यालय का घेराव कर जमकर नारेबाजी की थी लेकिन बिजली की यह समस्या आज भी बनी हुई है। ज्ञात हो कि बरसात शुरू होते ही बिजली की समस्या शहर के अलावा सबसे ज्यादा ग्रामीण अंचलों होती है। जैसे ही बारिश शुरू होती है बिजली गुल हो जाती है। इस समस्या से पिछले माह भर से ग्रामीण क्षेत्रों के लोग जूझ रहे है। ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले माह भर से शाम के समय बिना हवा व बारिश चले बार बार बिजली गुल हो रही है। जिला मुख्यालय से लगे सभी गांवों में पिछले माह से बिजली की समस्या बढ़ गई है। एक दिन में बार बार ट्रिप के साथ बिजली गुल हो रही है। इससे आम लोगों को रात में मच्छर, सांप, बिच्छू से बिजली न होने के कारण सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कभी-कभी तो दिनभर बिजली बंद रहती है। जबकि बिजली की समस्या से निजात दिलाने के लिए 5 से 6 गांव के बीच एक सब स्टेशन स्थापित किया गया है।



### सही मेंटनेंस नहीं होना बन रही वजह

अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की व्यवस्था, जले या खराब जंफर बदलने बहुत जरूरी है। ट्रांसफार्मर के कटआउट की अनिवार्य रूप से जांच होनी चाहिए। बिजली लाइनों के नजदीक पेड़ों के टहनियों की छंटाई जरूरी है। बिजली लाइन के ढीले जंफर की जांच, खंभों से पक्षियों के घोंसले हटाने का काम जरूरी है। इसके अलावा ढीले पड़ चुके कनेक्शनों व केबल को कसने का काम करना होता है। लेकिन, इस बार बरसात पूर्व सही मैंटनेंस नहीं होने के कारण समस्या जस तस बनी हुई है।

# एमबीबीएस में चयनित होने पर मीनाक्षी एवं श्रुति का कोलता समाज ने किया सम्मानित

**सरायपाली (ग्रामीण)**। नीट माध्यम से शासकीय महाविद्यालय में एमबीबीएस के लिये चयनित होने पर सरायपाली अंचल की छात्रा द्वय मीनाक्षी प्रधान पिता अनिल प्रधान पतेरापाली एवं श्रुति प्रधान पिता जय नारायण प्रधान गोहिरापाली को आंचलिक कर्मचारी प्रकोष्ठ, आंचलिक सभा सरायपाली, शाखा सभा द्वय तोरेसिंहा एवं झिलमिला के संयुक्त तत्वावधान में उनके निवास में जाकर अंगवस्त्र, श्रीफल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। संभागीय अध्यक्ष गिरधारी साहू ने कहा कि बेटियों ने नीट परीक्षा के माध्यम से शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में चयनित हो कर समाज का गौरव बढ़ाया है। इन बेटियों पर हमें नाज है। आंचलिक सचिव भूपेंद्र भोई ने कहा कि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित करने से दूसरे छात्रों को प्रेरणा मिलती है। कार्यकारिणी सदस्य मंगता प्रधान, संभागीय सलाहकार सुभाष प्रधान ने भी संबोधित करते हुए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कुल कार्यकारिणी सभा रायपुर अध्यक्ष गिरधारी साहू, सचिव ललित कुमार साहू, प्रबंध कारिणी सदस्य किशोर भोई, प्रवक्ता देवेंद्र भोई, विधिक सलाहकार दिलीप भोई, सभापति द्वय देवार्चन प्रधान, सुरेंद्र साहू, वरिष्ठ सदस्य आरएस साहू, आंचलिक उपाध्यक्ष जयंत बारीक, सचिव भूपेंद्र भोई, सचिव शाखा तोरेसिंहा सेवाराम भोई, शाखा झिलमिला महेश नायक, आंचलिक कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष सूर्यकांत बारीक, सचिव अशोक साहू, कोषाध्यक्ष अश्विनी बारीक, सहसचिव द्वय क्षितिपति साहू, राजेश प्रधान, रामचंडी सेवा समिति अध्यक्ष रामलाल साहू, युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष हीरालाल प्रधान, लक्ष्मण साहू, जागेश्वर साहू, निर्मल प्रधान, भीष्मदेव प्रधान, संजय भोई, दिनेश प्रधान, युगेंद्र किशोर साहू, कामपाल प्रधान, सुभाष, हरिबोल भोई मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### जिला कुश्ती टीम का चयन 29 को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ राज्य एवं राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन रायगढ़ में किया जा रहा है। जिला कुश्ती टीम का चयन 29 अगस्त को इण्डोर स्टेडियम आमातालाब में होगा। जो खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं, वे अपने आधार कार्ड की फोटो कॉपी साथ लाएं।

### रसायनशास्त्र की पूरक प्रायोगिक परीक्षा 29 को

**धमतरी।** जिले के महाविद्यालयों में 29 अगस्त शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से बीएससी व्दितीय एवं तृतीय वर्ष रसायनशास्त्र की पूरक प्रायोगिक परीक्षा होगी। संबंधित समस्त छात्र-छात्राएं अपनी आवश्यक सामग्री के साथ परीक्षा में शामिल होंगे। अनुपस्थित रहने पर परीक्षार्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### देऊरपारा में हरि कीर्तन 29 को

**नगरी।** स्माईल क्लब देऊरपारा के तत्वावधान में गणेश चतुर्थी के अवसर पर कुण्डेरा दादर वाले कामता प्रसाद का हरि कीर्तन कर्णेश्वर महादेव मंदिर देऊरपारा नगरी में किया गया है। यह जानकारी स्माइल क्लब के अध्यक्ष अमन गोस्वामी ने दी।

### प्रकृति वंदन कार्यक्रम 30 अगस्त तक

**धमतरी।** पर्यावरण संरक्षण गतिविधि की ओर से 23 से 30 अगस्त तक प्रकृति वंदन कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसमें जनता को अपने घर, गांव, बस्ती, कालोनी, मोहल्ला, नदी, तालाब, वार्ड आदि स्थानों पर पंच महाभूतों की वंदना कर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लेने कहा गया है। परिवार, मित्र, समाज के साथ जाकर भूमि वंदन, वृक्ष वंदन, जल वंदन, गौ वंदन कर पर्यावरण के संरक्षण का संकल्प लें। प्रकृति वंदन का चित्र साझा करें। नदियों, पेड़-पौधे, तुलसी, पर्वती, जीव-जंतु, सांप की पूजा, संरक्षण के लिए प्रकृति वंदन कार्यक्रम भारत वर्ष में रखा गया है।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 13 अक्टूबर को

**धमतरी।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा पंजीयन प्रारम्भ हो गया है। 31 अगस्त से 5 सितम्बर तक फार्म जमा होंगे। 5वीं, 6वीं के लिए 35 रुपए एवं 7वीं से 12वीं कक्षा के लिए 40 रुपए फीस निर्धारित है। ओएमआर सीट दी जायेगी। विकासखंड, जिला, राज्य स्तर पर आकर्षक इनाम प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले परीक्षार्थियों को दिए जाएंगे। परीक्षा 13 अक्टूबर को होगी। यह जानकारी एमआर निषाद जिला संगठन प्रभारी ने दी है।

### जहर सेवन से अधेड़ की मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक अधेड़ ने कीटनाशक दवाई का सेवनकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस चौकी के अनुसार स्थानीय सुभाषनगर निवासी मनोज निषाद पिता गंगाराम उम्र 50 वर्ष वाहन चलाने का काम करता था। वह शराब सेवन का आदी था। सोमवार को मनोज घर पर अकेला था। परिवार के लोग दूसरे घर गए थे। शाम को भतीजा राजेंद्र निषाद उसके घर गया तो अधेड़ बिस्तर के नीचे बेहोश पड़ा हुआ था। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद मनोज द्वारा जहर सेवन करने की जानकारी दी।

# ड्रोन से छिड़काव कर किसान बचा सकते है पैसा और समयः आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

ग्राम जोगनीपाली में आधुनिक तकनीक ने किसानों का काम आसान कर दिया है। जिसके तहत ड्रोन के माध्यम से कृषि के कई तरह के कार्य कर रही हैं। कृषि में ड्रोन एक वरदान साबित हो रहा है। कृषि भूमि पर अब नैनो यूरिया का छिड़काव ड्रोन के माध्यम से किया जाने लगा है।

इस संबंध में ओम फर्टिलाइजर के डायरेक्टर आनंद अग्रवाल ने जानकारी देते हुए कहा कि अब आधुनिक तकनीक ने किसानों का काम आसान कर दिया है। सरकार ने किसानों के लिए कई तरह के प्रयास किया जा रहे हैं, इफको के साथ मिलकर किसानों के लिए ड्रोन तकनीक से उन्हें फसलों पर छिड़काव की सुविधा दी जा रही है। जिससे किसान पैसा और समय बचा सकते है। उन्होंने कहा कि पहले फसलों में हम दानेदार यूरिया का उपयोग करते थे। अब लिक्विड नैनो यूरिया पर जोर दिया जा रहा है। क्योंकि, हमारे देश में पारंपरिक यूरिया के मुकाबले नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के अधिक फायदे हैं। इससे मिट्टी का स्वास्थ्य ही ठीक नहीं रहता है बल्कि किसानों की आय में भी इससे इजाफा होता है।

**कब होता है यूरिया का छिड़कावः** बीज डालने के बाद जब पत्तियां आती हैं, तब पहली बार छिड़काव किया जाता है। जिससे उसकी जड़ों तक नैनो यूरिया पहुंच सके और वह इधर उधर न बिखरे। जिससे मिट्टी की उर्वरक शक्ति कम न हो। फसल में दो बार कम से कम यह छिड़काव किया जाता है। उन्होंने बताया कि हमारे पास ड्रोन उपलब्ध है। किसानों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम भी आयोजित करवाये जा रहे हैं।



#### नैनो यूरिया के फायदे

इस संबंध में ओम फर्टिलाइजर के तरूण अग्रवाल ने बताया कि नैनो यूरिया से कृषि क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव देखे जाएंगे। उन्होंने कहा कि नैनो यूरिया को परंपरागत यूरिया के बहुत छोटे टुकड़ों के रूप में हम समझ सकते हैं, जो फसलों में सूक्ष्म रूप से जाएगी। यह खड़ी फसलों में नाइट्रोजन की पूर्ति करती है। इसके अलावा यह क्लोरोफिल चार्जर, उपजवर्धक और जलवायु के मुताबिक फसलों पर काम करती है। यह परंपरागत यूरिया से सस्ती है। उन्होंने कहा कि नैनो यूरिया प्लस (लिक्विड) को नैनो यूरिया की नई पीढ़ी के रूप में विकसित किया गया है, जो पर्यावरण को बिना नुकसान करे फसलों को जरूरी पोषक तत्व देती है। इस अवसर पर जितेंद्र पटेल ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं वरिष्ठ कृषक अमृत पटेल, भोगलाल चौधरी, नेहरू चौधरी, चुम्बन लाल, बाबूलाल चौधरी, फागूलाल, शिवप्रसाद, वासुदेव साहू, गणेश साहू आदि मौजूद रहे।

**पहल : सरपंच के कार्यों की हो रही सराहना**

# बालसी की युवा सरपंच राधा राय की नेकदिली की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली (ग्रामीण)

सरायपाली जनपद के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बालसी में सरपंच राधा सुकलाल राय द्वारा सरपंच पद का पदभार ग्रहण करते ही गांव में नए-नए कार्य लगातार किए जा रहे है, जिसकी पूरे सरायपाली जनपद क्षेत्र में चर्चा है। सरपंच राधा सुकलाल राय द्वारा सरपंच पदभार ग्रहण करते ही गांव में अगर किसी भी व्यक्ति की आकस्मिक मृत्यु हो जाती है तो सहयोग के रूप में 50 किलो चावल अथवा 1100 रुपये का आर्थिक सहयोग अथवा दोनों किया जाता है। ग्रामीणों में खासी लोकप्रिय हैं और वही दूसरी ओर गांव की किसी भी बेटी की विवाह करने पर सगुन के रूप में 2100 रुपये भी देकर बेटियों के दिल में जगह बना लिया है। पूरे गांव में राधा/ शुकलाल राय को सरपंच के रूप में काफी पसंद किया जा रहा है एवं अभी तक करीब 19



परिवार को आकस्मिक मृत्यु में आर्थिक सहयोग और वही दूसरी ओर करीब 12 बेटियों को सगुन के रूप में 2100 रुपये का भेंट दिया गया है। ग्राम पंचायत में सरपंच द्वारा पंचायत भवन का मरम्मत कार्य, तालाब गहरीकरण, आहाता निर्माण कार्य किया जा चुका है। सरपंच द्वारा लगातार गांव के विकास कार्यों के लिए सतत प्रयास कर रही हैं और नल-जल व्यवस्था सुदृढ़ करने का कार्य किया गया। गर्मी के दिनों में हर मोहल्ले में पानी की व्यवस्था के लिए विशेष प्रयास किया गया जिसकी सराहना गांव वाले करते नहीं थक रहे हैं। विगत दिनों 15 अगस्त 2025 स्वतंत्रता दिवस पर बालसी में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला नायक पारा, शासकीय प्राथमिक शाला बालसी, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बालसी, सरस्वती शिशु मंदिर, उच्च माध्यमिक विद्यालय बालसी के कुल 476 छात्र-छात्राओं को जूते वितरण किए गए। सरपंच के द्वारा नये जूते पाकर सभी बच्चे बहुत प्रसन्न हुए एवं सभी स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए गांव के शिक्षा व्यवस्था में अहम मानते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं विद्यालयीन जीवन को सहज बनाने की दिशा में सरपंच का सकारात्मक कदम प्रसंशा की।

उक्त कार्यक्रम में ललित साहू, भागीरथी प्रधान, दिलीप नंदे, अरविंद नायक, पिंकू प्रधान, धनेश्वर प्रधान, पंच किरण रात्रे, बिहारीलाल खूंटे, फकीर मोहन साहू, घनश्याम रात्रे, राधेश्याम रात्रे, गंगाधर अजय एवं सतनामी समाज के अठगंवा प्रमुख सुकलाल राय, सचिव जगत राम रत्नाकर, लीलाधर रात्रे, दिलबन्धु सतनामी, त्रिलोचन रात्रे ने सरपंच के नेक कार्यों की सराहना की।

# बरभांठा में मनाई गई गुरु बालकदास की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

ग्राम बरभांठा में संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा के द्वितीय पुत्र राजा गुरु बालक दास बाबा की जयंती आदर्श युवा समिति बरभांठा के नेतृत्व में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सबसे पहले संत टेकराम भारती के घर गुरु गद्दी आरती पूजा अर्चना व जय स्तंभ में आरती पूजा अर्चना कर श्वेत झंडा व जय सतनाम पंथी पार्टी पचरी के साथ शोभायात्रा की शुरुआत गांव के गली भ्रमण कर किया तथा शोभायात्रा कार्यक्रम स्थल पहुंचते ही अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ, साल, गमछा से स्वागत किया गया। स्वागत के पश्चात अतिथियों का उद्बोधन हुआ।

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक व प्रदेश अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ. विमल चोपड़ा ने कहा कि गुरु बालक दास ने समाज के अधिकारों के लिए, गरीबों के जमीन के लिए व उनके हितों के लिए लड़ाई लड़ी है। गुरु बालक दास के संघर्षों को बच्चे-बच्चे को पढ़ना होगा और उनसे प्रेरणा लेना होगा और प्रेरणा लेकर जन हित में कार्य करें। आगे चोपड़ा ने कहा कि झलप क्षेत्र में देवेंद्र राय ने आदर्श युवा समिति के माध्यम से प्रत्येक वर्ष गुरु बालक दास की जयंती का आयोजन करा रहा है, शोभायात्रा के माध्यम से सतनाम ज्योत व गुरु बालक दास जी के कार्यो का प्रचार प्रसार कर रहे है। कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे दानेश्वर सिन्हा ने कहा कि गुरु बालक दास ने समाज को संगठित करने के साथ-साथ सर्व समाज व गरिबों के अधिकारों कि लड़ाई लड़ी। शम्मी सलूजा व निर्भय नायक ने कहा कि गुरु घासीदास बाबा के सिद्धांतों को अपनाना होगा। गुरु बालक दास ने जिस तरह से गांव-गांव में जाकर समाज को एकजुट करने का काम किया है वैसे समाज को एकता के बंधन में रहना है। मंच संचालन ग्राम पंचायत पचरी उपसरपंच गैंदराम जोशी, आभार देवेंद्र राय ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक व प्रदेश अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ट डा. विमल चोपड़ा, अध्यक्षता समाज सेवक दानेश्वर सिन्हा, विशेष अतिथियों ग्राम पंचायत सिंघनपुर सरपंच झाल बाई राय, विधायक प्रतिनिधि शम्मी सलूजा, भागवत योगी समाज प्रमुख, भाजपा नेता निर्भय नायक, उपसरपंच रामेश्वर साहू, झलप सहकारी समिति अध्यक्ष सागर साहू, नरतोरा सहकारी समिति अध्यक्ष छवींद्र पटेल, जया आवड़े पन्नालाल प्रभाकर ग्राम प्रमुख, भारत टंडन, लखन ध्रुव, सुन्दर कर्रे, चैतराम यादव, बेदराम निषाद, बेदराम जांग जांगडे, मोरध्वज जोबा कला, उपस्थित ग्रामवासियों, आदर्श युवा समिति देवेंद्र राय, संत टेकराम भारती, गोवर्धन आवड़े, नंदू टंडन, डा. विजय चतुर्वेदी, अर्जुन कोसरिया, मुकेश खूंटे, पुनाराम साहू, त्रिलोचन ध्रुव, हेमंत जांगडे, सतीश मार्कंडे, जीवराखन, डिगेश्वर लहरे, गौतम, काशीराम, कमल, बसंत, अंगध्वज, रतिराम, सुनील कोसरिया, समीर, सोनू, सूखचंद, टेंगनू लहरे, गजपाल, कपिल, मेहत्तर, प्रेमलाल, संत ध्रुव, हिरालाल ध्रुव, नरेश ध्रुव, लोकेश ध्रुव, राजू ध्रुव, छगन ध्रुव, प्रकाश, सूखीराम, मनीष, भानूप्रताप, प्रकाश महिला ग्राम संगठन के कमलेश्वरी, अलका, पूजा, नंदनी ध्रुव, शांति, फूलमणि टंडन, कौशिल्या खूंटे, राखी कोसरिया, रजनी, सतरूपा ध्रुव, मोती बाई ध्रुव, निर्मला, कुमारी प्रभाकर, फूलबाई आदि उपस्थित थे।



### शहीद की प्रतिमा मंत्री ने किया माल्यार्पण

झलप। छत्तीसगढ़ शासन के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने डुमरपाली में शहीद वीर नारायण सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। जिले के प्रथम प्रवास में बसना जाते हुए गजेंद्र यादव ग्राम डुमरपाली पहुंचे। जहां उनका स्वागत गोंडवाना गोंड महासभा के युवा अध्यक्ष योगेश कुमार ठाकुर के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। उनके साथ में कृपाराम ठाकुर, द्वारका सेन, रैन सिंह ध्रुव, डोंगर सिंह यादव, पुरूषोतम साहू, राम कुमार ठाकुर, अमर सिंग बरिहा, दशरथ यादव एवं स्कूल के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# हर्बल धंधा जारी, शिक्षा व्यवस्था का अपहरण, कार्रवाई ठंडे बस्ते में, गुरुजी बेखौफ!

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

जिन गुरुजनों पर बच्चों का भविष्य संवारने की जिम्मेदारी है, वही गुरुजी अब हर्बल व्यापार और नेटवर्किंग के कारोबार में डूबे हुए हैं। इन पर रईस फिल्म का एक डायलॉग फिट बैठता है। धंधा से बड़ा कोई धर्म नहीं। इस मामले पर पहले जिला शिक्षा अधिकारी ने नियम विरुद्ध काम करने वालों पर कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया था, लेकिन हकीकत यह है कि आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इसी का नतीजा है कि दोषी शिक्षक अब और ज्यादा बेलगाम हो गए हैं।

#### सस्पेंड हो जाएंगे तो हो जाएं– गुरुजनों का खुला चैलेंज

जानकारी के मुताबिक, कुछ गुरुजी खुलेआम कहते हैं कि सस्पेंड हो जाएंगे तो हो जाएं, बाद में सब सेटल कर लेंगे। तब तक कमा लेंगे, हमारा कौन क्या कर लेगा। यह बयान न केवल शिक्षा तंत्र का मजाक है बल्कि शासन-प्रशासन को खुली चुनौती भी। शासकीय सेवा नियम साफ कहते हैं कि कोई सरकारी कर्मचारी किसी निजी व्यापार या नेटवर्किंग व्यवसाय में शामिल नहीं हो सकता। बावजूद इसके, गुरुजी बच्चों को पढ़ाने के बजाय सेल्स टारगेट और नेटवर्किंग चेन पूरा करने में मशगूल रहते हैं।

अब तो सुनने में यह भी आया है कि कुछ गुरुजन बिना विभागीय अनुमति के विदेश यात्राएं भी कर आए हैं। महंगी गाड़ियों के शौक भी इनकी जीवनशैली का हिस्सा बन गए हैं। सवाल उठ रहा है कि आखिर इतनी दौलत का स्त्रोत क्या है? ये सब उनके सोशल मीडिया एकाउंट में दिख रहा है। प्रतिदिन ये अपना स्टेटस डाल रहे हैं।

#### विभाग की चुप्पी

अभिभावकों का कहना है कि बच्चे पढ़ने जाते हैं, लेकिन गुरुजी व्यापार बढ़ाने में जुटे रहते हैं। डीईओ ने पहले कार्रवाई की बात कही थी, लेकिन मामला जस का तस है। उन्होंने संबंधितों को सजक करने एक कड़ा पत्र तक जारी करना मुनासिब नहीं समझा। विभाग की चुप्पी से सवाल और गहरे हो रहे हैं।

#### अब बड़ा सवाल

क्या शिक्षा विभाग केवल कागजी बयानबाज़ी तक ही सीमित रहेगा? क्या गुरुजी बच्चों का भविष्य संवारेंगे या हर्बल धंधे का नेटवर्क बढ़ाएंगे? क्या बिना अनुमति विदेश यात्रा पर विभाग चुप रहेगा? अभिभावक अब विभाग से सीधा सवाल कर रहे हैं। शिक्षा या धंधा, गुरुजी की प्राथमिकता आखिर क्या है?

# चाइल्ड डेवलपमेंट एंड एजुकेशनल साइकोलॉजी पुस्तक का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

अध्यापक शिक्षण संस्थान, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के शिक्षकों के लेखन एवं संपादित आईटीईपी कोर्स के पाठ्यक्रम, चाइल्ड डेवलपमेंट एंड एजुकेशनल साइकोलॉजी पुस्तक का विमोचन पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति एवं शिक्षा विभाग के संचालक ने आईटीईपी के सभी छात्र-छात्राओं एवं विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों के समक्ष किया। विश्वविद्यालय में आईटीईपी के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का इंडक्शन कार्यक्रम एवं पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शुक्ल नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं एवं पुस्तक के सभी लेखकों को शुभ आशीर्वाद दिए एवं छात्र-छात्राओं को सदैव आगे बढ़ने की सलाह दी तथा लेखकों को बच्चों के लिए इस तरह की पुस्तक लिखने के लिए प्रोत्साहित किये साथ ही साथ शिक्षा विभाग के संचालक प्रोफेसर अगासे ने भी आशीर्वाद के साथ इस तरह से पुस्तक लेखन के लिए प्रयास किया जाता रहना चाहिए। पुस्तक के लेखक डॉ.हेमंत खटकर ने कहा कि यह कोर्स नया है इस कोर्स के लिए बाजार में आसानी से पुस्तक उपलब्ध नहीं हो पाते, जिसके कारण बच्चों को पढ़ाई करने में बहुत सारे समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इन समस्या को देखते हुए हम सभी शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए इस पुस्तक का लेखन किया है। आगे भी इस कोर्स से संबंधित पुस्तकों का लेखन किया जाता रहेगा। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि यह कोर्स भारत के आईआईटी, एनआईटी, केंद्रीय विश्वविद्यालय, राजकीय विश्वविद्यालय एवं देश के बड़े महाविद्यालय को इस कोर्स को चलाने का एनसीईटी द्वारा मान्यता दिया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ से अकेले पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर है। नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का इंडक्शन कार्यक्रम एवं पुस्तक विमोचन के समय पुस्तक के लेखक डॉ.हेमंत खटकर, डा. रेणुका शर्मा, डॉ. धीरज शर्मा, डॉ. मधु अग्रवाल, डॉ.नाजिया केसर, योगराज साहू, साक्षी दुबे एवं आईटीईपी के सभी छात्र-छात्राओं आदि मौजूद रहे।



# सी एवं डी वेस्ट नियमों का उल्लंघन करने पर 2300 रूपए जुर्माना वसूला



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने की दिशा में नगर पालिक निगम लगातार प्रभावी कदम उठा रहा है। आयुक्त प्रिया गोयल के निर्देशन में निगम की इंजीनियर एवं स्वच्छता टीम ने गोकुलपुर वार्ड में कंस्ट्रक्शन एंड डेमोलिशन (सी एवं डी) वेस्ट प्रबंधन नियमों के पालन हेतु विशेष जांच अभियान चलाया।

निरीक्षण के दौरान कुछ लोगों द्वारा निर्माण एवं ध्वस्तीकरण से निकलने वाला मलबा खुले स्थानों पर फेंका जा रहा था। यह न केवल स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावित करता है बल्कि यातायात और आम नागरिकों की सुविधा में भी बाधा उत्पन्न करता है। इस लापरवाही पर त्वरित कार्रवाई करते हुए निगम टीम ने चार लोगों पर चालानी कार्यवाही की तथा कुल 2300 रूपए जुर्माना वसूला। आयुक्त प्रिया गोयल ने स्पष्ट कहा कि किसी भी हाल में निर्माण कार्य से उत्पन्न मलबा सार्वजनिक स्थलों पर डालना प्रतिबंधित है। सभी नागरिकों को निगम द्वारा निर्धारित डंपिंग स्थल का ही उपयोग करना होगा, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



# पिकअप की ठोकर से राहगीर घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

■ गोकुलपुर की घटना

नशे में धुत छोटा हाथी पिकअप के चालक ने राहगीर युवक को ठोकर मार घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय गोकुलपुर निवासी हिरेंद्र तिवारी पिता नरेश उम्र 20 वर्ष मंगलवार को दोपहर बाद गोकुलपुर रूद्री रोड में पैदल जा रहा था। इसी दौरान वहां से तेज गति से गुजर रही छोटा हाथी पिकअप क्रमांक सीजी 05 डी 1324 के चालक इंद्रजीत देवांगन पिता लेखराम उम्र 34 वर्ष ग्राम चारभाठा थाना चारामा निवासी ने पैदल जा रहे हिरेंद्र को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में युवक घायल हो गया। उसके सिर पर चोट आई है। आरक्षक चंपू सोनी की सूचना पर वरदान एंबुलेंस संस्था के शिवा प्रधान व प्रेम साहू तत्काल घटनास्थल पहुंचे और घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। घायल का प्राथमिक उपचार किया गया। बताया गया है कि पिकअप का चालक इंद्रजीत नशे में धुत होकर हाईस्पीड में वाहन चला रहा था जिसके कारण यह दुर्घटना हुई।




## दैवेभो वन कर्मचारियों ने शिक्षा मंत्री यादव को सौंपा ज्ञापन



**अरंड (पिथौरा)।** 25 अगस्त को छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ ब्लॉक पिथौरा के अध्यक्ष लक्ष्मी सिन्हा एवं सदस्यों द्वारा प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से पिथौरा में भेंट मुलाकात कर कार्यभारित आकस्मिकता एवं स्थाईकरण के संबंध में चर्चा कर ज्ञापन सौंपा गया।

किडनी डायलिसिस उपलब्ध | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन मशीन | सर्वसुविधायुक्त ICU & NICU | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | सभी प्रमुख ऑपरेशन की सुविधा



सर्जरी से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध
- अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- पाइल्स (फिस्टुला) का ऑपरेशन
- स्तन में गांठ का ऑपरेशन
- आंतो में रुकावट का ऑपरेशन
- हर्निया व अंडकोष का ऑपरेशन
- फ्रैक्चर एवं हड्डी के समस्त ऑपरेशन
- पथरी एवं मूत्र रोग, प्रोस्टेट ऑपरेशन
- हाइड्रोसील का ऑपरेशन
- पुरुष एवं महिला नसबंदी ऑपरेशन
- थायराइड का ऑपरेशन
- कान पर्दे के छेद का ऑपरेशन

लेप्रोस्कोपिक सर्जरी उपलब्ध
विशेषता :
- छोटे चीरे द्वारा ऑपरेशन
- कम समय में अस्पताल से छुट्टी
- कम रक्तस्त्राव व कम दर्द वाला ऑपरेशन
- संक्रमण की न्यूनतम संभावना
- कम खर्च

AGRAWAL NURSING HOME
अग्रवाल नर्सिंग होम
100 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल | 24x7 आपातकालीन सेवा उपलब्ध है
आयुष्मान/राशन कार्ड के अंतर्गत निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100 बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### सुहागिन महिलाओं ने रखा तीजा व्रत

**महासमुंद।** हरितालिका तीज का पर्व मंगलवार को मनाया गया। इस दौरान सुहागिन महिलाओं ने उपवास रखकर सुबह से तीज माता की पूजा कर कथा श्रवण किया। इसके बाद माता से अमर सुहाग की कामना की। महादेव मंदिरों में दिनभर महिलाओं ने पूजा अर्चना की। सुहागिन महिलाओं ने अपने सुहाग की रक्षा के लिए तीज माता का व्रत रखा। शाम के समय देवदर्शन कर मंगल गीत गाते हुए प्रसाद के रूप में आटे से निर्मित मैदा, बेसन, फल व मिठाइयों से तीज माता की पूजा-अर्चना कर अपने पति की लंबी उम्र की कामना की। कौशल्या चंद्राकर ने बताया कि यह व्रत सनातन काल से चला आ रहा है, जो अखंड सौभाग्य का रक्षक है। इस दिन विधि विधान से व्रत रखने, शिव-पार्वती की पूजा अर्चना कर उनकी कथा सुनने से अखंड सौभाग्य प्राप्त होता है। हरियाली तीज का पर्व हिंदू धर्म को मानने वाली महिलाओं के लिए बेहद खास है। तीज पर्व के दौरान भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना की जाती है।



### पटेवा में शिक्षा मंत्री का स्वागत

**पटेवा।** प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव का पटेवा बस स्टैंड में सामाजिकजनों व भाजपाइयों ने स्वागत किया। सिरपुर पटेवा मंडल महामंत्री सुनील पटेल, गोपी ध्रुव, मनोहर साहू, धरम पटेल, डॉ सोमनाथ सिन्हा, विकास अग्रवाल, टीकाराम पटेल, रामस्वरूप दीवान, संपत पटेल, चंद्रशेखर पटेल, नरेंद्र साहू, शिव नंदे, नूतन नायक एवं यादव समाज के प्रमुख मनोज यादव भावरिया के नेतृत्व में यादवजन तथा बीजेपी कार्यकर्ता, सरपंच ग्राम जोगीडीपा शियाबाई नंदे ने मंत्री का जोरदार स्वागत किया गया।

### पत्नी ने नहीं बनाई अंडे की सब्जी, नाराज पति ने लगा ली फांसी

**नगरी/सांकरा।** ब्लॉक के ग्राम सांकरा में पत्नी द्वारा अंडे की सब्जी नहीं बनाने से नाराज होकर पति ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मृतक का नाम टिकेश्वर सेन बताया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि घरेलू स्तर पर अंडे की सब्जी बनाने को लेकर हुए मामूली विवाद ने गंभीर रूप ले लिया।

## महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी हुईं कार्यक्रम में सम्मिलित

# अघरिया महिला मंच ने मनाया तीज मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

हरितालिका तीज के अवसर पर

- गीता व तारेश्वरी नायक को बनाया तीज क्वीन

अघरिया महिला मंच के तत्वावधान में अघरिया भवन में तीज मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ईष्ट देव कृष्ण के पूजन अर्चन से प्रारंभ किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चे उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी महिलाएं लाल साड़ी पहनकर तथा श्रृंगार करके पारंपरिक, वेशभूषा के साथ आई थी। तत्पश्चात महिलाओं ने विभिन्न तीज विशेष कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस क्रम में जानकी पटेल दमयंती नायक, राधा पटेल, मनीषा चौधरी, मंजू चौधरी, प्रेमलता नायक, लक्ष्मी नायक, सुशीला जगदीश चौधरी, गंगा पटेल द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। पश्चात तीज क्वीन का चयन किया गया। जिसमें गीता चौधरी तथा तारेश्वरी नायक को तीज क्वीन बनाया गया। म्यूज़िकल चेयर में मंजू चौधरी तथा जनक कुमारी पटेल विजयी रहे। मेहंदी में विमला पटेल तथा सीमा चौधरी प्रथम रहे, मिथिला पटेल, सुमित्रा पटेल तथा सुशीला जगदीश पटेल, द्वारा सुमधुर गीत प्रस्तुत किया गया तथा तीज प्रश्नोत्तरी में सरोज चौधरी, सरस्वती पटेल, दीपिका चौधरी, खुशी चांदनी पटेल, अस्वी पटेल, शशि पटेल दीपिका जयंत चौधरी, लक्ष्मी विजेता रहे। सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



मुख्य अतिथि संसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि तीज पर्व, नारी शक्ति और समर्पण का प्रतीक है और समाज की महिलाओं का इस प्रकार कार्यक्रम के आयोजन पर उनकी प्रशंसा कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही उषा पटेल अध्यक्ष राष्ट्रीय अघरिया समाज ने भी समाज की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हर नारी माता पार्वती की स्वरूप होती है, शक्ति स्वरूपा होती है, और तीज के व्रत में इतनी शक्ति होती हैं कि अपने महिलाएं वैवाहिक जीवन में आने वाली हर कठिनाई का सामना कर सकती हैं। संयोजिका तारेश्वरी नायक ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन आपसी मेल मिलाप के साथ साथ आपसी सौहार्द प्रेम और अपनत्व को बढ़ावा देने का छोटे छोटे प्रयास होते है।

इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि के रूप में सरस्वती पटेल अध्यक्ष नगर पालिका, मोगरा पटेल जिला पंचायत अध्यक्ष महासमुंद, लक्ष्मी पटेल अध्यक्ष जनपद पंचायत, प्रेमशिला नायक उपाध्यक्ष राष्ट्रीय अघरिया समाज, सीता पटेल पूर्व मंडी अध्यक्ष, अनिता डीसी पटेल पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष महासमुंद, रमाला नायक पूर्व जिला पंचायत सदस्य, सुनिता त्रिलोचन पटेल, विमला नायक राष्ट्रीय सह संयोजिका, अनीता चौधरी आंचलिक संयोजिका, मंजू चौधरी क्षेत्रीय युवा संयोजिका तथा शशि पटेल सह संयोजिका ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शतरूपा नायक, गायत्री पटेल भावना पटेल, कमला पटेल, सावित्री चौधरी, दीपा चौधरी, राजश्री चौधरी, देमोती, नविता पटेल, कविता चौधरी, हेमकुमारी पटेल, रूक्मणी पटेल, सुनीता चौधरी, क्रांति पटेल, वृंदा पटेल, रूही नायक, चमेली नायक, सुकंती नायक, मंजू पटेल, सरस्वती पटेल, सुशील कांति पटेल, रजनी पटेल, राधा नायक का भी विशेष सहयोग रहा। संचालन मंजू चौधरी, तारेश्वरी नायक तथा जनक पटेल तथा आभार प्रदर्शन मनीषा चौधरी ने किया।

## खल्लारी विधानसभा में आगमन पर अंकित के नेतृत्व में राष्ट्रीय प्रभारी जांगिड़ का हुआ भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी विधानसभा कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के राष्ट्रीय सह प्रभारी विजय जांगिड़ का प्रथम आगमन मां खल्लारी की पावन धरती पर हुआ। इस अवसर पर समस्त कांग्रेसजनों ने मिलकर प्रभारी का स्वागत ग्राम पतेरापाली में किया।

अंकित ने बताया कि विजय जांगिड़ के प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह था और उनके द्वारा भी व्यक्तिगत रूप से कांग्रेसजनों को सूचना दी गई थी। अंकित ने बताया कि संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत विजय जांगिड़ ने कार्यकर्ताओं को बागबाहरा सांस्कृतिक भवन में संबोधित किया और राहुल गांधी द्वारा उजागर किए गए वोट चोरी को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया, इस समय वो पूरे समय कार्यक्रम में उपस्थित रहे। अंकित ने विजय जांगिड़ को बताया कि खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एकता के कारण यहां लगातार कांग्रेस पार्टी को सफलता मिल रही है और यहां कांग्रेसजनों द्वारा और मेरे द्वारा सबसे ज्यादा भाजपा के खिलाफ आवाज उठाई जाती है। विजय जांगिड़ ने लगातार कांग्रेसजनों के बीच जाकर संवाद करते रहने को लेकर भी कार्यकर्ताओं को संदेश दिया।

स्वागत के कार्यक्रम के अलावा सांस्कृतिक भवन में मुख्य रूप से पुष्पेंद्र चंद्राकर, पंकज हरपाल, सरपंच मुकुंद सिन्हा, पतेरापाली सरपंच पद्मिनी बांधे, चयन कौशिक, कबीर साहू, इंद्रकुमार चौहान, केवल यादव, सुरेश पटेल, मोहन कुलदीप, बलराम चंद्राकर, प्रीतम पटेल, तुलाराम देवांगन, गंगाप्रसाद बोशले, पतेरापाली पूर्व सरपंच सालिकराम, आशाराम मोंगरे, घासीराम निषाद, पूर्व उपसरपंच पतेरापाली श्यामदेव साहू, केशव साहू, सरपंच अरंड कन्हैयालाल श्रीवास्तव, गैंदूराम चंद्राकर, ओमप्रकाश साहू, राहुल कुलदीप, खिलेश्वर प्रसाद सिन्हा, चुरकी सरपंच प्रतिनिधि शांत साहू, चंदूलाल साहू, हीराचंद धीवर, नीलकंठ पटेल, गुमान, ओमप्रकाश साहू, श्याम लाल, ज्योतिष पटेल, श्याम लाल विश्वकर्मा, राहुल कुलदीप, खिलेश्वर प्रसाद सिन्हा, चुरकी सरपंच प्रतिनिधि शांत साहू, चंदूलाल साहू, हीराचंद धीवर, नीलकंठ पटेल, चमन पटेल, भगत पटेल, कमलेश साहू, मनोज चंद्राकर, सनौराम ठाकुर, तुलाराम मांझी, मुकेश ठाकुर, देवानंद साहू, हीरादास टंडन, सुनील ब्यौहार, दीपक चक्रधारी, जीवन नायक, पप्पू साहू, आशाराम बांधे, रामकुमार ठाकुर, दिगेश्वर देवांगन, खेमराज यादव, आत्माराम सेन, जयराम वर्मा, मोती जांगड़े, नेताराम पांडे, गोलू जैन, किशोर चतुर्वेदी, चंदन, हुल्लास चंद्राकर, दुलार यादव, ओमप्रकाश चक्रधारी, मिनेश्वर साहू, एवन कुर्रे सहित बड़ी संख्या में पिथौरा और बागबाहरा विकासखंड के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों का खल्लारी में हुआ अभिनंदन

**बागबाहरा।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों का पूरे उत्साह के साथ भव्य अभिनंदन किया। यह कार्यक्रम खल्लारी विधानसभा के पांचों मंडल अध्यक्षों डिंपल डॉली ध्रुव, नितिन जैन, रूपेश साहू, लोकेश पनुरिया और नीलकंठ साहू की अगुवाई में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर महासमुंद की सांसद रूपकुमारी चौधरी और जगन्नाथ पाणिग्राही को प्रदेश उपाध्यक्ष तथा पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू को प्रदेश प्रकोष्ठ सह-संयोजक का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। जिससे क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। कार्यकर्ताओं ने सभी नेताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए हर्ष जताया है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, प्रेमशंकर पटेल, अल्का चंद्राकर, मोनिका साहू, शंकर तांडी, दुबेलाल साहू, नरेश चंद्राकर, भीखम ठाकुर, प्रेम साहू, आबिद खान, थानसिंग दीवान, बालाराम चंद्राकर, नरेंद्र बग्गा, पीलेश्वर पटेल, धरम दीवान, प्रीतम साहू, हरमीत बग्गा, चंद्रशेखर ध्रुव, अतुल गंडेचा, अरविंद छाबड़ा, महेंद्र गुप्ता, राजेश बगानी, काजल साहू, किरण यदु, अशोक दीप, भीमा साहू, गुलशन कुमार, ताराचंद देवांगन, सहित सभी मंडल के समर्पित कार्यकर्ता शामिल हुए।

## यादव समाज ने मनाया जन्माष्टमी पर्व, विधायक ने की सामुदायिक भवन के लिए पांच लाख देने की घोषणा

**सरायपाली।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के तत्वावधान में वार्ड क्रमांक 4 राजीव नगर पतेरापाली में यादव समाज द्वारा जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया एवं भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अतिथियों ने भगवान कृष्ण के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना कर क्षेत्र एवं प्रदेश के साथ साथ देश की खुशहाली की कामना की।

मुख्य अतिथि विधायक चातुरी डिग्रीलाल नंद, अध्यक्षता अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार यादव, विशिष्ठ अतिथि पार्षद रोहित प्रधान, विधायक प्रतिनिधि भरत मेश्राम, दुष्यंत साहू, जयंत यादव, तोषराम पटनायक, पुरंदर प्रधान उपस्थित थे। बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं युवाओं द्वारा हास्य नाटक प्रस्तुत किया गया। वार्ड के वरिष्ठजनों को यादव समाज एवं कामना कंप्यूटर के सौजन्य से विधायक द्वारा शाल-श्रीफल से सम्मानित किया गया। विधायक द्वारा वार्ड के युवाओं के मांग पर पांच लाख रुपए सामुदायिक भवन के लिए घोषणा की गई एवं जन्माष्टमी पर्व के लिए पांच हजार एक सौ रुपए सप्रेम भेंट दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्ड यादव समिति अध्यक्ष नेपाल यादव, तरुण यादव, बिहारी यादव, प्रमोद यादव, लोचन यादव, जगबंधु यादव, देवानंद यादव, नारायण यादव, लोकेश यादव, परमेश्वर यादव, गिरधर यादव, राधेश्याम यादव, पन्ना यादव, राजेंद्र कुमार यादव राजू, मयंक यादव, तुषार यादव, कोमल यादव, अंबर यादव एवं अन्य समाज के वार्ड के नागरिक गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अमरनाथ झा एवं रेशम यादव द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के जिला कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार यादव द्वारा किया गया।






## आंगनबाड़ी केंद्रों में छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्योहार तीजा पर्व मनाया

**सरायपाली।** रजत महोत्सव के अंतर्गत ब्लॉक के आंगनबाड़ी केंद्रों में महिलाओं ने छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्योहार तीजा धूमधाम से मनाया। बड़ी संख्या में महिलाएं कार्यक्रम में शामिल हुई। आँगनबाड़ी केंद्रो में कार्यकर्ताओं द्वारा माताओं-बहनों का आत्मीय स्वागत किया और उन्हें उपहार स्वरूप श्रृंगार सामग्री और छत्तीसगढ़ी कलेवा भेंट किया गया। महिलाओं के लिए मेहंदी, बिंदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर सभी ने माताओं-बहनों को तीजा पर्व की शुभकामनाएं दीं। महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक दीक्षा बारीक ने कहा कि तीजा छत्तीसगढ़ में नारी शक्ति के मान, सम्मान और दृढ़ निश्चय का महत्वपूर्ण पर्व है। निर्जला व्रत रखकर अपने पति-परिवार की सुरक्षा और समृद्धि की कामना करने वाली सभी माताओं-बहनों को उन्होंने महिला बाल विकास विभाग की ओर से शुभकामनाएं दीं। यह पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं के लिए खुशी, एकजुटता और आत्मीयता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि तीजा धार्मिक, सामाजिक और प्राकृतिक सामंजस्य का पर्व है। इस अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत व पास्को एक्ट के तहत महिलाओं को जागरूक किया। कार्यक्रम में समुदाय की महिलाएं बड़ी संख्या में मौजूद थी।

## समारोह में शामिल हुए युवा मोर्चा के पदाधिकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा युवा मोर्चा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया के पदभार ग्रहण समारोह एवं स्वागत रैली में महासमुंद युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष जसराज बाला चंद्राकर, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, युवा मोर्चा जिला महामंत्री द्वय ब्रह्मानंद पटेल, अमन वर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी शामिल हुए।

# दो दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद संस्कृति महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

सरस्वती शिशु मंदिर नरतोरा में 23 अगस्त से 24 अगसत तक दो दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद, संस्कृति महोत्सव एवं गणित विज्ञान मेला का कार्यक्रम हुआ। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि जीतराम पटेल संरपंच नरतोरा, अध्यक्षता इंद्रदत्त पटेल अध्यक्ष सशिमं नरतोरा, विशेष अतिथि के रुप में छविंद्र पटेल संयोजक सशिमं नरतोरा, सुरेश कुमार साहू सह जिला समन्वयक, द्वारिका चंद्राकर प्राचार्य शाउमावि नरतोरा, वीके अजगर- व्याख्याता नरतोरा, मयाराम टंडन, गैंदराम पटेल की उपस्थिति में सर्व प्रथम विद्या की अधिष्ठात्री देवी माता सरस्वती, प्रणव अक्षर ओम, भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन किया गया। संकुल प्रमुख झलप हेमंत पंडा के द्वारा इस समारोह के वृत्त का पाठन किया गया। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर योजना में जिले को चार संकुलों में बांटा गया है। सरायपाली, बसना, बागबाहरा एवं झलप सभी संकुल से कुल 352 भैया बहिन तथा 46 संरक्षर आचार्य उपस्थित हुए है एवं इस समारोह को संपन्न करने के लिये चारों संकुल से 18 निर्णायकों की उपस्थिति हुई है। सह जिला समन्वयक सुरेश केमार साहू ने विद्याभारती ग्राम भारती के योजना से सभी को परिचित कराया। उन्होंने कहा कि यह जो जिला स्तरीय क्रीडा एवं संस्कृति महोत्सव का आयोजन किया गया है उसमें सभी प्रतिभागी एक खेल की भावना से खेलें। खेल से शरीर स्वस्थ रहता है और स्वस्थ शरीर से मन स्वस्थ रहता है। सरस्वती शिशु मंदिरों के भैया बहिन जिस स्थान पर भी जाते है अपने- संस्कार की छाप छोड़ जाते है, यहां के आचार्य न्यूनतम संसाधन के बाद भी बच्चों को बेहतर शिक्षा और संस्कार देने के लिए अग्रसर रहते है। अध्यक्षता कर रहे ग्राम के सरपंच जीतराम पटेल द्वारा इस समारोह के उद्घाटन का विधिवत घोषणा किया गया। प्राचार्य द्वारिका चंद्राकर द्वारा सभी का शपथ ग्रहण कराया गया।



द्वितीय दिवस समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में सुषमा राकेश टंडन सभापति महिला बाल विकास जनपद पंचायत महासमुंद, अध्यक्षता राजेंद्र राजू दीवान उपसरपंच नरतोरा, विशेष अतिथि डिंगर दास वैष्णव सचिव ग्राम भारती महासमुंद, सुरेश साहू सह जिला समन्वयक, इंद्रदत्त पटेल अध्यक्ष सरस्वती शिशु मंदिर नरतोरा, छम्मन पटेल महिला मंडली सदस्य नरतोरा, मयाराम टंडन पूर्व उप सरपंच नरतोरा, राकेश टंडन प्रतिनिधि जनपद सदस्य महासमुंद, गैंदराम पटेल ग्राम प्रमुख, भारत पटेल ग्राम प्रमुख द्वारा माता सरस्वती, प्रणव अक्षर ओम, मां भारती के छायाचित्र में दीप प्रज्ज्वलन कर पूजन किया गया। वन्दना के पश्चात सभी अतिथियों का तिलक वंदन श्रीफल भेंट कर किया गया। ग्राम भारती सचिव डिंगर दास वैष्णव द्वारा ग्राम भारती के योजना का जानकारी प्रदान किया गया एवं महोत्सव में सम्मिलित भैया बहिनों का उत्साह वर्धन किया। सुषमा राकेश टंडन के द्वारा विद्यालय में शौचालय एवं पेजजल व्यवस्था के लिए एक लाख रुपए प्रदान करने का घोषणा की। तत्पश्चात प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। अन्त में विद्यालय के प्रधान आचार्य उसक राम निषाद आभार प्रदर्शन किया गया एवं अध्यक्ष इंद्रदत्त पटेल के द्वारा सभा समापन की घोषणा की गई।

## खबर संक्षेप

### सिरको में विष्णु भगवान का विराट पूजा

**बसना।** फुलझर क्षेत्र में 12 घंटे लगातार चलने वाली पूजा विराट पूजा जो वर्ष में एक बार की जाती है। गाय, बैलों से लेकर बकरी भेड़ तक के लिए पूजा की जाती है। जीवों के पैर में खुर में होने वाली बीमारी तक के लिए रोग निवारक को ध्यान में रख कर की जाती है। 190 पेज का धार्मिक ग्रंथ विराट पर्व गायन कर पूजा पूर्ण की जाती है। ग्रामीण मंच में ग्रामवासी पूजा अर्चना कर भगवान को समर्पित रहते हैं। इस दिन कृषि, मजदूरी बंद कर सभी श्रद्धा भाव में समर्पित रहते हैं। मान्यता ऐसी की पूजा से सभी जीवों का कल्याण पूजा का उद्देश्य गांव में प्रत्येक जीवों के सुख समृद्धि रोग निवारक के लिए की जाती है।

### जिला क्रिकेट टीम चयन के लिए तिथियां घोषित

**महासमुंद।** छग राज्य क्रिकेट संघ ने वर्ष 2025-26 के लिए जिला क्रिकेट टीम के चयन की तिथियां घोषित कर दी हैं। जिसके तहत महासमुंद जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में अंडर-19 का ट्रायल 31 अगस्त को आयोजित किया जाएगा, जिसमें एक सितंबर 2007 से पूर्व के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। अंडर-23 और सीनियर ग्रुप का ट्रायल सात सितंबर को होंगे। अंडर-23 के लिए कट-ऑफ डेट एक सितंबर 2003 से 31 अगस्त 2007 के बीच है। अंडर-16 का 14 सितंबर को ट्रायल होगा। जिसमें एक सितंबर 2010 से 31 अगस्त 2012 के बीच के खिलाड़ी शामिल हो सकेंगे।

### पड़कीपाली में ऋषि पंचमी महापर्व कल

**बागबाहरा।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जय मां काली सेवा समिति पड़कीपाली के सभी भक्तों द्वारा ऋषि पंचमी महापर्व मनाया जा रहा है। 28 अगस्त 2025 गुरुवार को गुरु परंपरा एवं वैदिक पद्धति से पूजा अर्चना कर रामायण एवं महाप्रसादी भंडारा का कार्यक्रम रखा गया है। सभी श्रद्धालुओं को कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### लाफिनकला में तीजा महोत्सव आज

**महासमुंद।** विविध आयोजनों के लिए चर्चित ग्राम लाफिनकला में इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरागत त्यौहार तीजा पोला को विशेष रूप से मनाने तीजा महोत्सव का आयोजन 27 अगस्त बुधवार को किया जाएगा। ग्राम लाफिनकला के शांति चौक में तीजहारिनों के लिए विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गई है। जिसमें दीपक जलाओ प्रतियोगिता से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इसके अलावा महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़, फुगड़ी, मटकी फोड़, रस्सा कसी, लोटा दौड़, गुब्बारा फोड़ो, पर्ची उठाओ बोलकर दिखाओ, प्रश्न मंच व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए आयोजन समिति के सदस्यों का कहना है कि सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से सामाजिक समरसता व विविध प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभाओं को निखरने का अवसर प्रदान करना है। साथ ही अलग अलग गांव में ससुराल जाने से सभी लोग आपस मे मिल नही पाते जिसे ध्यान में रखते हुए तीजा महोत्सव का आयोजन विगत चार वर्षो से किया जा रहा है। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा।

**दौरा : जिले के प्रवास पर रहे प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव**

# शिक्षा मंत्री यादव का बसना आगमन पर किया गया गर्मजोशी से स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

स्कूल शिक्षा, ग्राम उद्योग एवं विधि विधायी मंत्री गजेंद्र यादव के प्रथम बसना नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। विधायक डॉ. संपत अग्रवाल एवं सांसद रूपकुमारी चौधरी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली, आतिशबाजी एवं पुष्प वर्षा के साथ मंत्री का अभिनंदन किया।

सबसे पहले मंत्री यादव ने स्थानीय पत्रकारों का सम्मान करते हुए कहा कि बसना मेरा पहला दौरा है, आप सभी ने इतनी अधिक संख्या में उपस्थित होकर मेरा सम्मान किया, इसके लिए मैं तहेदिल से आभार व्यक्त करता हूँ। पत्रकार वार्ता में उन्होंने पूर्व शासनकाल पर टिप्पणी करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचलों के शिक्षकों को बड़ी संख्या में शहरी क्षेत्रों में स्थानांतरित कर शिक्षा व्यवस्था को बिगाड़ा गया था। वर्तमान सरकार युक्तियुक्तकरण



नीति के माध्यम से इस अव्यवस्था को दुरुस्त कर रही है तथा भविष्य में ग्रामीण क्षेत्रों के शिक्षकों का शहरी क्षेत्रों में ट्रांसफर नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर शिक्षक कवि प्रेमचंद साव की कृति प्रेम की पाती का विमोचन भी मंत्री यादव के हाथों किया गया। इसी कड़ी में मंत्री गजेंद्र यादव ने बसना विकासखंड के फुलझर राज झेरिया यादव समाज द्वारा आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री का दायित्व ग्रहण करने के बाद यह उनका पहला सार्वजनिक कार्यक्रम है और यादव समाज के बीच आना उनके लिए गर्व की बात है।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ग्राम भूकेल में सामुदायिक भवन के लिए 20 लाख और पांच गांवों में अहाता निर्माण के लिए 50 लाख रुपए की घोषणा की। इस प्रकार कुल 70 लाख रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी गई। मंत्री यादव ने उपस्थित महिलाओं को तीजा पर्व की शुभकामनाएं दीं और मटकी फोड़कर जन्माष्टमी महोत्सव की बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी ने मंत्री यादव को यादव समाज का गौरव बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में शिक्षा विभाग नई ऊंचाइयां हासिल करेगा। वहीं विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने मंत्री के प्रथम बसना आगमन को ऐतिहासिक बताते हुए विश्वास जताया कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए नए अध्याय की शुरुआत होगी।

## शिक्षा मंत्री का घोड़ारी व पटेवा में हुआ स्वागत



**महासमुंद।** जिले के बसना प्रवास पर पहुंच रहे स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव का नदी मोड़ घोड़ारी में यादव समाज द्वारा राजू यादव प्रदेश अध्यक्ष यादव समाज राजनीति प्रकोष्ठ के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भगत यादव प्रदेश उपाध्यक्ष, सोहन लाल यादव अध्यक्ष महासमुंद, लीलाधर यादव अध्यक्ष भोरिंग, पुष्कर यादव, बेद राम यादव, जनक यादव, खिलावन यादव, नरसिंग यादव, साहस राम यादव, हर्ष यादव सुनील यादव, सारिका यादव महिला जिला प्रभारी, कुमारी यादव महिला जिला सहप्रभारी, उपासना यादव, रंजना यादव, रानी यादव, ललिता, पार्वती, निधि डिम्पल मिनी यादव सहित बड़ी संख्या सामाजिकजन उपस्थित रहे। वहीं पटेवा में प्रीतम यादव जिलाध्यक्ष, मनोज यादव जिला महासचिव, भेखराम यादव अध्यक्ष बागबाहरा, चेक यादव अध्यक्ष बार, राहुल यादव युवा जिलाध्यक्ष, हेमलाल यादव, छगन यादव सहित बड़ी संख्या में यादव समाज के पदाधिकारियों ने स्वागत किया।



### शिक्षा मंत्री ने प्रेम की पाती पुस्तक का किया विमोचन

**बसना।** मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण प्राप्त, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अरेकेल के शिक्षक प्रेमचंद साव प्रेम द्वारा लिखित मानवतावाद, सेवाभाव, राष्ट्रप्रेम और मानवीय संवेदनाओं को उजागर करने की अलौकिक झलक दिखलाती पुस्तक गीत संग्रह प्रेम की पाती का विमोचन लोकसभा सांसद रुपकुमारी चौधरी, बसना विधायक डॉ.संपत अग्रवाल की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ शासन के शिक्षामंत्री गजेन्द्र यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर गीत संग्रह प्रेम की पाती के प्रकाशन पर बधाई देते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि इन सबमें मुझे एक समर्पित शिक्षक की पुण्य भावनाओं की एक शुभ्र लहर दिखती है, जो आपके शैक्षणिक क्षेत्र एवं साहित्यिक पहचान को रेखांकित करेगी। यह गीत संग्रह मानवता और अध्यात्म से दूर होते लोगों को पुनः मानवता धर्म से जुड़ने का अवसर प्रदान करेगा। बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कवि के व्यक्तिगत तृतीय काव्य संग्रह प्रेम की पाती गीत संग्रह की प्रशंसा करते हुए कहा कि निश्चित ही यह पुस्तक हमारे मानव समाज के लिए उपयोगी व ज्ञानवर्धक सिद्ध होगी। हमारे सत्य सनातन धर्म एवं मानवता के भावों को अपने आप में समेटे, भारतीय संस्कृति, संस्कार, रीति-रिवाज एवं परिपाटियों को उजागर करती यह पुस्तक सफलता के शिखरों पर निश्चित ही पहुंचेगी, जिसका प्रतिफल पाठकों को भी अवश्य प्राप्त होगा। सांसद रुपकुमारी चौधरी ने भी प्रेम की पाती गीत संग्रह के लिए कवि को बधाई देते हुए कहा कि आपके लेखनी इसी तरह भविष्य में भी मानवता की कल्याण हेतु काव्य सृजन करते रहें। शिक्षक प्रेमचंद साव साहित्य लेखन में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज होने के साथ ही साथ विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों एवं नवाचारों के लिए जाने जाते हैं। साहित्य लेखन व शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सैंकड़ों पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। शुभदा प्रकाशन द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक में भूमिका लेखन छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध व लोकप्रिय कवि डॉ. पीसीलाल यादव, शुभानुशंसा-आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री भारत सरकार तोखन साहू, बसना विधायक डॉ.संपत अग्रवाल, राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक व साहित्यकार रमेश कुमार सोनी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुड़केल के प्राचार्य बलदेव मिश्रा, संभागीय लेखा अधिकारी जगत राम साव, कला कौशल साहित्य संगम जनसेवा संस्थान छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष कौशल महंत द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित किया गया है। गीत संग्रह सृजन के बारे में विस्तारपूर्वक बताते हुए कवि व शिक्षक प्रेमचंद साव ने कहा हमें चाहिए कि अपने जीवन काल में कुछ तो ऐसा करें जिससे मानवता के भावों को जीवित रहने हेतु बल मिले, इसलिए मेरा छोटा सा प्रयास प्रेम की पाती के रूप में पाठकों को पसंद आएगा।

# सेजेस परिसर में तीजा पर्व पर 35 पौधों का रोपण, संरक्षण का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

पीएमश्री सेजेस बसना स्कूल परिसर में तीजा पर्व पर एक संवेदनशील और उत्साहपूर्ण वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पहल में 35 पौधों का रोपण प्राचार्य केके पुरोहित के मार्गदर्शन में, योगेश कुमार बढ़ाई के नेतृत्व में किया गया।

इस कार्यक्रम की सबसे खास पहल थी –एक पेड़ मां के नाम पर नामक संवेदना से प्रेरित वृक्षारोपण, जिससे न केवल पर्यावरण को लाभ हुआ बल्कि मातृत्व और भावनात्मक जुड़ाव की दृष्टि से भी यह महत्वपूर्ण रहा। वृक्षारोपण में सहयोग के लिए विशेष रूप से नवीन कुमार साव और चित्रानंद सागर का उल्लेखनीय योगदान रहा। साथ ही उपस्थित छात्र आदेश प्रधान, तेंमेंद्र सिंह ध्रुव, योगराज बग़रती, जितेश पटेल, और उफ़ैद रजा खान ने पूरे उत्साह और संवेदना के साथ इस पहल को सफल बनाया। वृक्षारोपण करने के लिए प्राचार्य केके पुरोहित ने सभी शिक्षकों, सहयोगियों और छात्रों का आभार व्यक्त करते हुए इस पहल की सराहना की और हर्ष व्यक्त किया।


इस तरह की पहल शिक्षा संस्थानों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति सचेतता बढ़ाने के साथ-साथ भावनात्मक और सामाजिक जागरूकता भी जागृत करती हैं।

# रेडक्रॉस कैंप हरियाणा में बागबाहरा के दो छात्र महासमुंद जिले के प्रतिनिधि के रूप में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

प्राचार्य डॉ. रश्मि मिंज एवं जिला संगठक रेडकॉस डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी के मार्गदर्शन में शासकीय खे.ल. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय बागबाहरा के दो वालिंटियर्स छात्र धनेश लहरे एवं जयप्रकाश नेताम इंटर स्टेट यूथ रेडक्रॉस ट्रेनिंग कैंप (22 से 28 अगस्त 2025) कुरुक्षेत्र (हरियाणा) में भाग ले रहे है।

यह शिविर पंजाबी धर्मशाला, ब्रह्म सरोवर, कुरुक्षेत्र में आयोजित हो रहा है। प्रस्थान से पूर्व दोनों वालिंटियर्स ने कार्यालय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा महासमुंद में




जिला संगठक एवं राज्य प्रतिनिधि डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी तथा कार्यालय प्रभारी तेजलाल देवांगन से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी ने उन्हें सफल एवं सुखद प्रशिक्षण की शुभकामनाएं दीं। महाविद्यालय के रेडक्रॉस प्रभारी गजानंद बुडेक सहायक प्राध्यापक वाणिज्य ने बताया कि 22 से 28 अगस्त 2025 तक आयोजित इस शिविर में छत्तीसगढ़ राज्य रेडक्रॉस की 24 सदस्यीय टीम भाग ले रही है। इसमें दो काउंसलर एवं विभिन्न जिलों से आए यूथ रेडक्रॉस वालिंटियर्स सम्मिलित हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य की 24 सदस्यीय टीम में विशेष प्रशिक्षण/शिविर में भाग लेने के लिए टीम में 2 काउंसिलर बालाराम साहू, आकाश गिरि गोस्वामी एवं 22 वालिंटियर्स शामिल हैं। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक शिव गोपाल रात्रे, बीरेंद्र सिंह ठाकुर, डॉ.कृष्ण कुमार साहू, एकता मक्कड़, धनुर्जय साहू, डॉ. खिलावन पटेल, डॉ.लक्ष्मण सिंह साहू प्रमुख ग्रंथपाल, पालन कुमार दीवान क्रीड़ाधिकारी, समस्त अतिथि व्याख्याता, रेडक्रॉस के वालिंटियर ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

### अंडर-19 का ट्रायल 30 को

**जगदलपुर।** बस्तर जिला किक्रेट संघ द्वारा बस्तर जिले के टीम के लिये ट्रायल 30 अगस्त को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस किक्रेट स्टेडियम कालीपुर में प्रातः 9 बजे से होगा। अंडर-19 का कटआफ 1 सितम्बर 2007 रहेगा। चयनकर्ता प्रदीप गुहा, शाहिद खान, रविन्द्र ठाकुर, विवेक राय, टोनी बारला होंगे।

## पचरी सोसाइटी में आमसभा का आयोजन, योजनाओं को दी गई जानकारी

**पटेवा।** सहकारी समिति पचरी में विगत दिनों आम सभा आयोजित किया गया। जिसमें समिति के प्रतिवेदन, बजट के साथ सीएसपीसीपी ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। जिसमें कृषकों को पैक्स कंप्यूटराईजेशन, सीएससी, माईको एटीएम, कृषि उपकरण ऋण, शून्य प्रतिशत में केसीसी ऋण, नए सदस्य बनने अऋणी से ऋणी सदस्य, आईएमपीएस, एनईएफटी,



आरटीजीएस, नैनो डीएपी, जन औषधि दवाई से फायदे के बारे में बताया गया। प्राविधिक अधिकारी टीकाराम पटेल, समिति प्रबंधक डोलनारायण पटेल, ऑपरेटर गजानंद पटेल, विक्रेता टीकाराम ध्रुव, राजेश्वसर ध्रुव, प्रोसेसर हेमराज ध्रुव, दैनिक कर्मचारी खिलेश्वणर ध्रुव, देवकुमार ध्रुव, सदस्यट चद्रुशेखर पटेल, रामेश्वसर पटेल, चंदन पटेल, होरी पटेल, खुगेश्विर पटेल, डंगसाराम, हीरालाल दीवान, हीरालाल पटेल, भोमेंद्र समेत अनेक किसान उपस्थित रहे।

# सफाई मित्रों के साथ दुर्व्यवहार किया जाना अमानवीय कृत्य : नपाध्यक्ष

**महासमुंद।** शहर को साफ एवं स्वच्छ बनाने में सफाई मित्रों का प्रमुख योगदान है। हम सभी नगरजनों का यह दायित्व है कि हम उनके काम व समर्पण का सम्मान करें। ऐसे में सफाई मित्रों के साथ दुर्व्यवहार किया जाना अमानवीय कृत्य है। उक्त विचार नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने वार्ड क्रमांक 13 में एक नागरिक द्वारा सफाई मित्र के साथ किए गये गाली गलौज, दुर्व्यवहार की बात सामने आने पर व्यक्त किए। उन्होंने कहा है कि प्रायः देखने सुनने में आता है कि नगर पालिका के सफाई मित्र, सफाई कर्मचारी के साथ नागरिक



सभ्यता से पेश नहीं आते। कचरा कलेक्शन करने वाले सफाई मित्र अक्सर उपेक्षित और सामाजिक बाधाओं का सामना करते हैं। नागरिकों को उनकी सहायता करनी चाहिए तथा उनके साथ दया और सम्मान का भाव रखना चाहिए। साहू ने कहा कि कचरा संग्रहकर्ता भी इंसान हैं और उन्हें उचित सम्मान और व्यवहार का अधिकार है। सफाई मित्र शहर को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए उनके काम को हल्के में नहीं लेना चाहिए। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि कचरा कलेक्शन करने वाले सफाई मित्रों को गीले और सूखे कचरे को अलग- अलग देवे तथा सैनिटरी नैपकिन या टूटे हुए कांच जैसी खतरनाक वस्तुएं कूड़ेदान में खुलेआम न फेंके। सभ्य समाज में इस तरह अमानवीय घटनाएं स्वीकार्य नहीं है।

# आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल में मनाया गया संस्कृत दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर के स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल में संस्कृत भाषा सप्ताह के अंतर्गत संस्कृत दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संकुल केंद्र सोरिद के प्राचार्य सुखेंद्र द्विवेदी, सेजेस नयापारा के प्राचार्य अमी रूफस, राज्यपाल पुरस्कार से पुरस्कृत व्याख्याता प्रमोद कुमार कन्नौजे, सेजेस हिंदी माध्यम के प्रभारी केआर सागर, जीआर टांडेकर द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित कर, संस्कृत प्रार्थना के साथ किया गया।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के द्वारा आकर्षक पोस्टर बनाकर संस्कृत दिवस की महत्ता का संदेश दिया। छात्रों ने संस्कृत में भाषण, गीत एवं श्लोक का सस्वर वाचन किया। स्वामी आत्मानंद के प्राचार्य अमी रूफस ने इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कृत प्राचीनतम भाषा है। संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है। हमारा देश संस्कृत भाषा का देश है। आज कल के विद्यार्थी संस्कृत भाषा में रूचि नहीं ले रहे हैं, ऐसा नहीं है कि संस्कृत भाषा पढ़ने से आगे भविष्य नहीं है। उन्होंने संस्कृत भाषा की महत्ता को उदाहरण सहित समझाते हुए अपने पढ़ाई के दौरान उनकी सहेली जिन्होंने संस्कृत भाषा का अध्ययन किया और कुछ ही समय में अपने संस्कृत के एचओडी बन गई। आज भी बहुत सारे विभाग ऐसे



हैं, जिनमें संस्कृत का पद रिक्त रह जाता है। हमें आवश्कता है कि संस्कृत भाषा को बढ़ाने के लिए हम प्रयास करें। उन्होंने कहा कि संस्कृत का दिवस मनाने की आवश्कता पढ़ रही है। संकुल प्राचार्य सुखेंद्र द्विवेदी ने भी संस्कृत भाषा की महत्ता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्कृत क्यों, संस्कृत किस लिए, संस्कृत में क्या है, और संस्कृत के अपनाने से क्या लाभ होता इस बात की महत्ता विस्तारपूर्वक बताते हुए कहा कि संस्कृत का एक-एक शब्द हमारे और आपके जीवन से जुड़ा हुआ है। संस्कृत देवों की भाषा है, हमारे प्राचीन ग्रंथ गीता, महाभारत, रामायण वेद सभी संस्कृत भाषाओं में उपलब्ध है। संस्कृत को वैज्ञानिकता से जोड़ते हुए कहा कि विज्ञान में भी हमारे संस्कृत के ज्ञाताओं को बड़ा योगदान है। प्रमोद कुमार कन्नौजे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्कृत भाषा भारतीय संस्कृति की आत्मा है। हमारे प्राचीनतम संस्कृत भाषा के संरक्षण, संवर्धन और प्रचार-प्रसार से जुड़ा हुआ है। संस्कृत भाषा का संरक्षण विद्यार्थियों और समाज में संस्कृत के प्रति रूचि जागृत कर इस देवों की भाषा को जीवित रखना है। उन्होंने कहा कि संस्कृत श्लोकों, कहानियों, नाट्य, गीत, और भाषणों के माध्यम से भारत की गौरवशाली संस्कृति का अनुभव कराना। केआर सागर ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए हमें अपने संस्कृति और संस्कृत को जीवन में अपनाने की बात कही। कार्यक्रम का समापन संस्कृत प्रार्थना के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन बारी-बारी से सुखेंद्र द्विवेदी एवं प्रमोद कुमार कन्नौजे ने किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर,
18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411